तेरा शुक्र है लखदातार हम बड़ी मौज में है

तेरा शुक्र है लखदातार हम बड़ी मौज में है,
तेरा बन के सेवादार हम बड़ी मौज में है,

बादशा बनाया बाबा तूने हम फकीरो को,
बदला दया ने तेरी हाथो की लकीरो को,
तेरा इतना बरसा प्यार हम बड़ी मौज में है,
अब सांवरिया सरकार हम बड़ी मौज में है,

हारे का सहारा है तू तूने ये दिखा दिया,
पोंछ के हमारे आंसू हसना सीखा दिया,
तेरा जब से हुआ उपकार हम बड़ी मौज में है,
हो गई हार की हार हम बड़ी मौज में है,

बना खाटू वाला मोहन तू हमारे वास्ते,
खोले प्यार खुशियों वाले तूने सारे रास्ते,
तेरा शुकराना लख वार तेरा जब से हुआ अवतार हम बड़ी मौज में है,
तेरा शुक्र है लखदातार हम बड़ी मौज में है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/8159/title/tera-shukar-hai-lakhdaatar-hum-bhi-mauj-me-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |